केन्द्रीय विद्यालय संगठन,लखनऊ संभाग
प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा **2022 – 23**
विषय **–** हिंदी (आधार)
विषय कोड **– 302**
कक्षा **–12** वीं

निर्धारित समय – 3 घंटे अधिकतमअंक – 80

| सामान्य और आवश्यक निर्देश – | | |
|---|---|---|
| 1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं – खंड'अ' और'ब' । कुल प्रश्न 13 हैं।<br>2. खंड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।<br>3. खंड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।<br>4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।<br>5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए । | | |
| खड'अ' (वस्तुपरक प्रश्न) | | |
| प्रश्न**1.** | निम्नलिखित गद्याश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए **:-** | **1x10=10** |

| | | |
|---|---|---|
| | परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है । जीवन में सफलता पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है । कहा भी गया है - उद्योगी को सब कुछ मिलता है और भाग्यवादी को कुछ भी नहीं मिलता, अवसर उनके हाथ से निकल जाता है। कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम भाग्य है । प्रकृति को ही देखिए; सारे जड़-चेतन अपने काम में लगे रहते हैं, चींटी को पलभर चैन नहीं, मधुमक्खी जाने कितनी लंबी यात्रा कर बूंद- बूंद मधु जुटाती है। मुर्गे को सुबह बांग लगानी होती है,फिर मनुष्य को बुद्धि और विवेक मिला है, वह सिर्फ़ सफलता की कामना करता क्यों बैठा रहे? विश्व में जो देश आगे बढ़े हैं, उनकी सफलता का रहस्य कठिन परिश्रम ही है। जापान को दूसरे विश्वयुद्ध में मिट्टी में मिला दिया गया था । उसकी अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई थी, लेकिन दिन-रात परिश्रम करके आज वह विश्व का प्रमुख औद्योगिक और विकसित देश बन गया है । चीन भी अपने परिश्रम के बल पर आगे बढ़ा है । जर्मनी ने भी युद्ध की विभीषिका झेली, पर परिश्रम के बल पर ही संभल गया । परिश्रम का महत्व वे जानते हैं, जो स्वयं अपने बल पर आगे बढ़े हैं । संसार के इतिहास में अनेक चमकते सितारे केवल परिश्रम के ही प्रमाण हैं । हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम परिश्रम और मनोबल से ही देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए। उनका कहना था- भाग्य के भरोसे बैठने वाले को उतना ही मिलता है जितना मेहनत करने वाले छोड़ देते हैं । हमारे बड़े-बड़े धनकुबेर व्यापारी टाटा, बिरला, अंबानी ये सब परिश्रम के ही उदाहरण हैं \| निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प हमारे लक्ष्य को हमारे करीब लाता है । गरीब परिश्रम करके अमीर हो जाता है और अमीर शिथिल बनकर असफल हो जाता है। भारतीय कृषक के परिश्रम का ही फल है कि देश में हरित क्रांति हुई। अमेरिका के सड़े गेहूँ से पेट भरने वाला भारत आज मजबूरी नहीं, बल्कि मज़बूती से खड़ा है तो इसके पीछे इसके पीछे कठोर परिश्रम और धैर्य ही है । हमारे कारखाने दिन-रात उत्पादन कर रहे हैं, विकासशील देशों में पिछड़े माने जाने वाले हम भारतवासी, आज विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं । अगर हम कहीं पिछड़े हैं, तो उसका कारण परिश्रम का अभाव ही होगा । परिश्रम के बिना जीवन में कुछ नहीं मिलता \| सच ही कहा गया है- सकल पदारथ है जग माहीं, कर्महीन नर पावत नाहीं \| यदि विद्यार्थी जीवन से ही परिश्रम की आदत पड़ जाएगी तो हम जीवन में कभी असफल नहीं हो सकते । विद्यार्थी जीवन तो परिश्रम की पहली पाठशाला है, जहां न सिर्फ़ हमारी शिक्षा, बल्कि हमारा भविष्य भी सुरक्षित और मज़बूत बन जाता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक होगा –<br>(क) भाग्य बलवान होता है<br>(ख) आलसी जीवन<br>(ग) परिश्रम का महत्व<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| (ii) | जीवन में सफलता पाने का सबसे बड़ा माध्यम क्या है?<br>(क) पैसा<br>(ख) विद्वत्ता<br>(ग)चालाकी<br>(घ) पुरुषार्थ | 1 |
| (iii) | जापान, जर्मनी,चीन जैसे देश विपरीत परिस्थितियों से बाहर कैसे निकले?<br>(क) युद्ध से<br>(ख) व्यापार से<br>(ग) विदेश नीति से<br>(घ) परिश्रम से | 1 |
| (iv) | हमारे लक्ष्य को हमारे करीब कौन लाता है?<br>(क) परिश्रम और दृढ़ संकल्प<br>(ख) पैसा और शिक्षा<br>(ग) सिर्फ पैसा<br>(घ) राजनीति | 1 |
| (v) | आज हमारा देश बड़े-बड़े देशों के सामने किस रूप में खड़ा है?<br>(क) याचक के रूप में<br>(ख) प्रतिस्पर्धी के रूप में<br>(ग) शत्रु के रूप में<br>(घ) इनमें से कोईनहीं | 1 |
| (vi) | परिश्रम की पहली पाठशाला कहा मिलती है?<br>(क) जन्म से<br>(ख) घर में<br>(ग) विद्यार्थी जीवन में<br>(घ) नौकरी करने पर | 1 |
| (vii) | हमारे किसानों के परिश्रम से देश में कौन सी क्रांति आई ?<br>(क) हरित क्रांति<br>(ख) श्वेत क्रांति<br>(ग)लाल क्रांति<br>(घ) सभी सही हैं | 1 |
| (viii) | निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए —<br>“भाग्य के भरोसे बैठने वाले को उतना ही मिलता है, जितना मेहनत करने वाले छोड़ देते हैं”।<br>(I) बिना कर्म के सफलता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।<br>(II) मेहनत करो, लेकिन भाग्य पर भी भरोसा करो।<br>(III) बिना भाग्य के, मेहनत का परिणाम नहीं निकलता।<br><br>ऊपर लिखे कथन के लिए कौन सा/कौन से निष्कर्ष सही हैं?<br>(क) केवल I और II<br>(ख) केवल II और III<br>(ग) केवल I<br>(घ) I, II और III सभी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ix) | निम्नलिखित में से कौन-सी पंक्ति पुरुषार्थ या परिश्रम के महत्त्व पर सटीक बैठती है?<br>(क) करमगति टारे, नाहीं टरे<br>(ख) पुरुष बली नहीं होता है, समय होत बलवान<br>(ग) सबके दाता राम<br>(घ) सकल पदारथ है जग माहीं, कर्महीन नर पावत नाहीं | 1 |
| (x) | 'परिश्रम' शब्द में उपसर्ग है-<br>(क) पर<br>(ख) परा<br>(ग) परि<br>(घ) परी | 1 |
| प्रश्न-2. | निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश से संबंधित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- | 1x5=5 |
| | कुछ बच्चे बहुत अच्छे होते हैं<br>वे गेंद और गुब्बारे नहीं मांगते<br>मिठाई नहीं मांगते, ज़िद नहीं करते<br>और मचलते तो हैं ही नहीं<br>बड़ों का कहना मानते हैं<br>वे छोटों का भी कहना मानते हैं<br>इतने अच्छे होते हैं<br><br>इतने अच्छे बच्चों की तलाश में रहते हैं हम<br>और मिलते ही<br>उन्हें ले आते हैं घर<br>अक्सर<br>तीस रुपये महीने और खाने पर। | |
| **(i)** | कवि 'अच्छे बच्चे' की क्या विशेषता बताता है?<br>(क) वे कुछ मांगते नहीं हैं<br>(ख) वे कोई इच्छा नहीं व्यक्त करते हैं,<br>(ग) वे बहुत आज्ञाकारी होते हैं<br>(घ) उपरोक्त सभी | 1 |
| **(ii)** | अच्छे बच्चों का 'अच्छा होना' क्या ध्वनित करता है?<br>(क) उनकी अच्छाई को<br>(ख) उनके संस्कारी होने को<br>(ग) उनके मजबूर होने को<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| **(iii)** | कवि के अनुसार हम अच्छे बच्चों के साथ क्या व्यवहार करते हैं?<br>(क) अपनी सुविधा के हिसाब से उनकी मदद करते हैं<br>(ख) उनसे बालमज़दूरी कराते हैं<br>(ग) उनका ख्याल रखते हैं<br>(घ) उन्हें अपने घर का सदस्य बना लेते हैं | 1 |
| **(iv)** | बच्चों का कुछ मांगना व ज़िद करना किसका परिचायक है?<br>(क) बचपने का<br>(ख) आज़ादी का<br>(ग) स्वतंत्र विकास का<br>(घ) इन सभी का | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **(v)** | इस कविता का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?<br>(क) बच्चे बहुत अच्छे<br>(ख) मजबूरी बच्चे की<br>(ग) अच्छे बच्चे<br>(घ) उपर्युक्त सभी | **1** |
| | अथवा | |
| | कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास<br>कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास<br>कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त<br>कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।<br><br>दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद<br>धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद<br>चमक उठी घर भर की आंखें कई दिनों के बाद<br>कौए ने खुजलाई पांखें कई दिनों के बाद। | |
| **(i)** | 'चूल्हे के रोने' और 'चक्की के उदास रहने' से कवि का क्या आशय नहीं है?<br>(क) घर, में खाना नहीं बन रहा है<br>(ख) घर में खाने को कुछ नहीं है<br>(ग) घर में भुखमरी  है<br>(घ) घर के लोग कुछ नहीं करते हैं, | **1** |
| **(ii)** | 'कानी कुतिया', 'छिपकलियों' और 'चूहों' की हालत किस बात की ओर इशारा करती है ?<br>(क) अकाल की भीषणता और घोर निराशा की ओर,<br>(ख) इंसानों के साथ जीव-जंतु भी अकाल के शिकार हैं।<br>(ग) चूहों तथा छिपकलियों की हालत अत्यंत दयनीय है<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **(iii)** | 'दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद' पंक्ति से कवि क्या कहना चाहता है?<br>(क) अब घर में खाने को है<br>(ख) सरकार से राशन की मदद मिली है<br>(ग) अकाल की स्थितियों में बदलाव हो रहा है<br>(घ) अकाल समाप्त हो गया है | **1** |
| **(iv)** | 'चूल्हा रोया' और 'चक्की रही उदास' में कौन सा अलंकार है<br>(क) अनुप्रास<br>(ख) मानवीकरण<br>(ग) उपमा<br>(घ) अन्योक्ति | **1** |
| **(v)** | कविता में किन दो चीज़ों की तुलना है?<br>(क) इंसान और जीव जंतुओं की<br>(ख) जीवों और चूल्हे चक्की की<br>(ग) अकाल और उसके बाद की स्थितियों की<br>(घ) अन्न के होने और न होने की | **1** |
| प्रश्न-**3.** | निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- | **1x5=5** |
| **(i)** | उल्टा पिरामिड शैली में समाचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य को कहा लिखा जाता है?<br>(क) सबसे पहले<br>(ख) बीच में<br>(ग) आखिर में<br>(घ) कहीं भी | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **(ii)** | विशेष लेखन के क्षेत्र हैं :—<br>(क) खेल<br>(ख) अर्थ-व्यापार<br>(ग) अपराध<br>(घ) ये सभी | **1** |
| **(iii)** | निम्नलिखित में से कौन-सी बातें रेडियो के लिए समाचार-लेखन की बुनियादी बातें हैं?<br>(क) साफ-सुधरी और टाइप्ड कॉपी<br>(ख) डेडलाइन, संदर्भ और संक्षिप्ताक्षरों का प्रयोग<br>(ग) समाचार की विस्तृत व्याख्या<br>घ) क, ख, और ग तीनों | **1** |
| **(iv)** | इनमें से कौन-सा अख़बार प्रिंट रूप में न होकर सिर्फ़ इंटरनेट पर ही उपलब्ध है ?<br>(क) राजस्थान पत्रिका<br>(ख) अमर उजाला<br>(ग) प्रभासाक्षी<br>(घ) जागरण | **1** |
| **(v)** | जब तक खबर के दृश्य नहीं आते एंकर , दर्शकों को रिपोर्टर से मिली जानकारियों के आधार पर सूचना पहुंचाता है, यह .... कहलाता है ?<br>(क) एंकर – पैकेज<br>(ख) एंकर – बाइट<br>(ग) ड्राई – एंकर<br>(घ) एंकर - विजुअल | **1** |
| प्रश्न-**4.** | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- | **1x5=5** |
| | खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि,<br>बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।<br>जीविका बिहीन लोग, सीद्यमान सोच बस,<br>कहैं एक एकन सों 'कहाँ जाई, का करी ?'<br>बेदहूँ पुरान कहीं, लोकहूं बिलोकिअत ,<br>सांकरे सबैं पै, राम ! रावरें कृपा करी।<br>दारिद-दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु !<br>दुरित-दहन देखि तुलसी हहा करी ।। | |
| **(i)** | इस पद के कवि तथा कविता का नाम बताइए\|<br>(क) सूरदास –सूरसागर<br>(ख) तुलसीदास - कवितावली<br>(ग) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला -बादल राग<br>(घ) आत्म परिचय- हरिवंश राय बच्चन | **1** |
| **(ii)** | समाज में आजीविका से विहीन लोग क्या सोचते हैं ?<br>(क) लोग भाग जाना चाहते थे।<br>(ख) कहां जाएं ? क्या करें ?<br>(ग) सुख चाहते थे।<br>(घ) आराम चाहते थे। | **1** |
| **(iii)** | प्रस्तुत पद्यांश की भाषा कौन-सी है ?<br>(क) ब्रजभाषा<br>(ख) अवधी भाषा<br>(ग) खड़ी बोली हिंदी<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **(iv)** | वेदों और पुराणों में क्या कहा गया है**?**<br>(क) नीति की शिक्षा<br>(ख) दुःख मनाओ<br>(ग) समाज-सेवा<br>(घ) संकट के समय में ईश्वर (राम) का ही सहारा है। | **1** |
| **(v)** | 'दारिद्-दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु।' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?<br>(क) रूपक और अनुप्रास<br>(ख) यमक और श्लेष<br>(ग) अतिशयोक्ति और मानवीकरण<br>(घ) उत्प्रेक्षा और उपमा | **1** |
| प्रश्न**-5.** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए **:-** | **1x5=5** |
| | बाजार में एक जादू है \| वह जादू आँख की राह काम करता है \| वह रूप का जादू है\| पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है , वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है \| जेब भरी हो, और मन खाली हो , ऐसी हालत में जादू का असर ख़ूब होता है \| जेब खाली, पर मन भरा न हो , तो भी जादू चल जाएगा \| मन ख़ाली है, तो बाज़ार की अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा \| कहीं उस वक्त जेब भरी हो, तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है \| मालूम होता है यह भी लूं , वह भी लूं \| सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है \| पर यह सब जादू का असर है \| | |
| **(i)** | गद्यांश के अनुसार किसमें जादू है **?**<br>(क) बाज़ार में<br>(ख) पुस्तकों में<br>(ग) मैदान में<br>(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं | **1** |
| **(ii)** | निम्नलिखित कथन-कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए **—**<br>कथन (A) : बाज़ार में एक जादू है।<br>कारण ( R ) : क्योंकि यह हमें आकर्षित नहीं करता ।<br><br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है<br>(ख) कथन (A) ग़लत है लेकिन कारण (R) सही है<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं<br>(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है | **1** |
| **(iii)** | गद्यांश के आधार पर लिखिए कि बाज़ार के जादू का असर कब होता है **?**<br>(क) जब जेब भरी हो और मन खाली हो<br>(ख) जब जेब खाली पर मन भरा न हो<br>(ग) जब जेब भरी हो और मन भी भरा हो<br>(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं | **1** |
| **(iv)** | गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए **-**<br>(I) जेब ख़ाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा।<br>(II) इस जादू की भी मर्यादा है।<br>(III) पर यह सब जादू का असर नहीं है।<br><br>ऊपर लिखे कथनों में से कौन-सा / कौन-से सही है / हैं ?<br>(क) केवल I (ख) केवल II<br>(ग) I और II (घ) केवल III | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **(v)** | बाजार का जादू जब चढ़ता है, तो मनुष्य के मन की कैसी दशा होती है ?<br>(क) तब वह किसी की नहीं मानता \|<br>(ख) वह सब कुछ खरीद लेना चाहता है<br>(ग) तब उसे सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ाने वाला लगता है<br>(घ) उपर्युक्त सभी | **1** |
| प्रश्न-**6.** | निम्नलिखित प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए \| | **1x10=10** |
| **(i)** | सिल्वर वैडिंग कहानी का मुख्य पात्र कौन है ?<br>(क) किशनदा<br>(ख) यशोधर पंत<br>(ग) भूषण<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **(ii)** | यशोधर बाबू के बच्चों की कौन-सी बात उनके अनुसार प्रशंसनीय नहीं है ?<br>(क)महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील होना<br>(ख) मानवीय संबंधों की गरिमा और संस्कारों में रूचि न लेना<br>(ग) जीवन में उन्नति करना<br>(घ) सामर्थ्य के अनुसार घर में आधुनिक सुविधाएँ जुटाना | **1** |
| **(iii)** | यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल होती हैं, लेकिन यशोधर बाबू असफल रहते हैं\| ऐसा क्यों ?<br>(क) पीढ़ी के अंतराल के कारण<br>(ख) पत्नी बच्चों से अधिक प्रेम करती थी<br>(ग) किशनदा उन्हें भड़काते थे<br>(घ) वे परिवर्तन को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाते थे | **1** |
| **(iv)** | कविता के लगाव के बाद 'जूझ' कहानी के मुख्य पात्र आनंदा की धारणा में क्या बदलाव आया ?<br>(क) उसे अकेलापन भी अच्छा लगने लगा<br>(ख) आशावादी एवं आत्मविश्वासी बन गया<br>(ग) कविता सृजन में विघ्न स्वीकार्य नहीं<br>(घ) उपरोक्त सभी | **1** |
| **(v)** | दिए गए विकल्पों में से कौन-सी विशेषता मास्टर सौंदलगेकर की विशेषता नहीं है ?<br>(क) कुशल अध्यापक<br>(ख) मराठी के ज्ञाता व कवि<br>(ग) सुरीले ढंग से स्वयं कवितायेँ गाते थे<br>(घ) बच्चों की पिटाई करते थे \| | **1** |
| **(vi)** | 'जूझ' साहित्य की किस विधा में लिखा गया है ?<br>(क) कहानी<br>(ख) आत्मकथात्मक उपन्यास<br>(ग) संस्मरण<br>(घ) रेखाचित्र | **1** |
| **(vii)** | मकान के विषय में किशनदा की कौन-सी उक्ति यशोधर बाबू को जचती थी ?<br>(क) अपना मकान होना ही चाहिए<br>(ख) मूरख लोग मकान बनाते हैं , सयाने उनमें रहते हैं<br>(ग) सरकारी क्वार्टर सरकारी ही होता है<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| **(viii)** | यशोधर बाबू बच्चों की तरक्की से खुश होते हुए 'समहाउ इम्प्रापर' क्या अनुभव करते हैं **?**<br>(क) वह खुशहाली भी कैसी, जो अपनों में परायापन पैदा करे ।<br>(ख) अपने बच्चों द्वारा गरीब रिश्तेदारों की उपेक्षा उन्हें नहीं जँचती ।<br>(ग) साधारण पुत्र को असाधारण वेतन देने वाली नौकरी समझ नहीं आती ।<br>(घ) उपर्युक्त सभी | **1** |
| **(ix)** | आनंदा और उसकी माँ दत्ता जी राव के पास क्यों गए **?**<br>(क) ताकि दत्ता जी राव उनका लगान माफ कर दें<br>(ख) ताकि दत्ता जी राव उनकी कुछ आर्थिक सहायता कर सकें<br>(ग) ताकि दत्ता जी लेखक को पाठशाला भेजने के लिए दादा को समझा कर राज़ी कर सकें<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | **1** |
| **(x)** | 'जूझ' पाठ के अनुसार**-** "पढ़ाई**-**लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ता जी राव का रवैया सही था**,** क्योंकि **–**<br>(क) लेखक खेती-बाड़ी नहीं करना चाहता था<br>(ख) दत्ता जी राव जानते थे की खेती-बाड़ी में लाभ नहीं है<br>(ग) लेखक का पढ़-लिख कर सफल होना बहुत आवश्यक था<br>(घ) लेखक का पिता नहीं चाहता था कि वह आगे की पढ़ाई करे | **1** |
| | खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न ) | |
| प्रश्न**-7.** | दिए गए चार अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए **:**<br>**(**क**)** आज़ादी के 75 साल<br>(ख) मोबाइल क्रांति से बदलती दुनिया<br>(ग) परहित सरिस धरम नहिं भाई<br>(घ) ऐ भाई ! जरा देख के चलो | **6** |
| प्रश्न**-8.** | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए **:-**<br>(क) रेडियो नाटक की अवधि या समय-सीमा पर टिप्पणी लिखिए।<br>(ख) कहानी को नाटक में किस प्रकार रूपांतरित किया जा सकता है ? रूपांतरित करते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए?<br>(ग) नए अथवा अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से क्या तात्पर्य है ? अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए ? | **3x2 = 6** |
| प्रश्न**- 9.** | निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **80** शब्दों में लिखिए **:-**<br>**(**क**)** 'फ़ोन इन' और 'ड्राई एंकर' के अंतर को स्पष्ट करें।<br>(ख) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं? सबके नाम व परिभाषा लिखिए।<br>(ग) फ़ीचर क्या है? अच्छे फ़ीचर की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। | **4x2 = 8** |
| प्रश्न**.10.** | काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए **:-**<br>(क) ' कैमरे में बंद अपाहिज ' कविता का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए \|<br>(ख) दिन जल्दी – जल्दी ढलता है कविता हमें क्या संदेश देती है ? अपने शब्दों में लिखिए \|<br>(ग) कवितावली' के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि तुलसीदास को अपने समाज की आर्थिक- सामाजिक समस्याओं को जानकारी थी? | **3x2 =6** |
| प्रश्न**.11.** | काव्य**-**खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए **:-**<br>(क) शीतल वाणी में आग- के होने का क्या अभिप्राय है?<br>(ख) 'उषा' कविता गाँव की सुबह का गतिशील चित्रण है \| कैसे ?<br>(ग) फिराक की रुबाइयों में आए बिंबों को स्पष्ट कीजिए । | **2x2 =4** |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.**12.** | गद्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए **:-**<br>(क) भक्तिन के चरित्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए \|<br>(ख) इंदर सेना पर पानी फेंकने , न फेंकने के बारे में जीजी और लेखक के विचारों की तुलना कीजिए \|<br>(ग) कवि ( साहित्यकार) के लिए अनासक्त योगी की स्थित प्रज्ञता और विदग्ध प्रेम का हृदय एक साथ आवश्यक है। ऐसा विचार प्रस्तुत कर लेखक ने साहित्य कर्म के लिए बहुत ऊँचा मानदंड निर्धारित किया है। विस्तारपूर्वक समझाइए\| | **3x2 =6** |
| प्रश्न.**13.** | गद्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए **:-**<br>(क) 'भक्तिन' पाठ के आधार पर भारतीय ग्रामीण समाज में लड़के-लड़कियों में किए जाने वाले भेदभाव का उल्लेख कीजिए \|<br>(ख) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा?<br>(ग) बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या – क्या असर पड़ता है ? | **2x2 =4** |